प्रेस विज्ञप्ति

भाविप्रा द्वारा इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली पर तकनीकी समस्या का समाधान

नई दिल्ली, 7 नवंबर, 2025: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, नई दिल्ली के ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग प्रणाली में एक तकनीकी समस्या को ठीक किया गया, जिसकी वजह से 6 नवंबर, 2025 से उड़ान योजना संदेश की प्रोसेसिंग पर कुछ समय के लिए असर पड़ा था।

आईपी-आधारित एएमएसएस प्रणाली में समस्या का पता चलने पर, नागर विमानन मंत्रालय के सचिव श्री समीर कुमार सिन्हा द्वारा भाविप्रा के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार, भाविप्रा के सदस्य (वायु दिक्चालन सेवाएं) श्री एम. सुरेश और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक तुरंत समीक्षा बैठक बुलाई गई। समस्या के वास्तविक कारण का पता लगाने और उसे ठीक करने के लिए तुरंत निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही, उपकरण के मूल निर्माणकर्ता को इस कार्य हेतु लगाया गया और उड़ान योजना को मैन्युअली प्रोसेस करने के लिए अतिरिक्त जनशक्ति की भी सेवाएं ली गई ताकि वायु यातायात नियंत्रण प्रचालन बिना किसी रुकावट के चले और सुरक्षित रहें। इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और भाविप्रा के अधिकारियों वाली एक समर्पित टीम प्रणाली के निर्बाध कार्य और परफॉर्मेंस पर नज़र रखने के लिए स्थल पर बनी हुई है।

एएमएसएस अब सामान्य रूप से कार्य करने लगा है। हालांकि बैकलॉग डेटा की वजह से ऑटोमेटेड प्रोसेस में थोड़ी देरी हो सकती है, लेकिन प्रणाली सामान्य रूप से कार्य कर रही है और जल्द ही पूरी तरह सामान्य होने की आशा है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण एयरलाइंस और यात्रियों को हुई किसी भी कठिनाई के लिए खेद व्यक्त करती है और देश के वायु यातायात प्रबंधन नेटवर्क में प्रचालनात्मक संरक्षा, विश्वास और उत्कृष्ट सेवा के अति उच्च मानकों को बनाए रखने के अपनी प्रतिबद्धता की पुनरावृत्ति करती है।

जारीकर्ता: निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:

फ़ोन: 011-24622787